# रबी की खेती तक बरगी नहर से मिल जाएगा पानी

## स्लीमनाबाद टनल परियोजना के कार्यों की उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने की समीक्षा



नवभारत न्यूज

**रीवा, 29 दिसम्बर, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय में स्लीमनाबाद टनल परियोजना के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की. बैठक में परियोजना की प्रगति, तकनीकी पहलुओं, समय-सीमा एवं जल आपूर्ति से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई.**

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने अपर मुख्य सचिव, जल संसाधन विभाग डॉ. राजेश राजोरा को निर्देश दिए कि परियोजना के कार्यों की नियमित एवं प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब न हो. उन्होंने कहा कि स्लीमनाबाद टनल परियोजना को आगामी रबी सीजन तक अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाए. उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है और सिंचाई परियोजनाओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करना सरकार की प्रतिबद्धता है. स्लीमनाबाद टनल परियोजना के पूर्ण होने से सतना-मैहर क्षेत्र की कृषि उत्पादकता बढ़ेगी और किसानों की आय में वृद्धि होगी.

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि परियोजना का मुख्य उद्देश्य किसानों को समय पर सिंचाई जल उपलब्ध कराना है, इसलिए यह सुनिश्चित किया जाए कि पानी खेत तक पहुंचे और किसानों को इसका वास्तविक लाभ मिले. उन्होंने निर्देश दिए कि टनल के साथ-साथ संबंधित वितरण प्रणाली, नहरों एवं फील्ड चैनलों के कार्यों को भी समानांतर रूप से पूर्ण किया जाए, ताकि परियोजना पूर्ण होते ही जल आपूर्ति प्रारंभ की जा सके.

# टाइगर सफारी में जानवरों को ठंड से बचाने प्रबंध



नवभारत न्यूज

**रीवा, 29 दिसम्बर, संचालक महाराजा मार्तण्ड सिंह जूदेव व्हाइट टाइगर सफारी एंड जू मुकुंदपुर ने बताया कि महाराजा मार्तण्ड सिंह जूदेव व्हाइट टाइगर सफारी एण्ड जू मुकुन्दपुर में वर्तमान में 27 प्रजातियों के 110 वन्यप्राणी उपलब्ध है.**

वर्तमान में शीतकालीन स्थिति को देखते हुये वन्यप्राणियों को ठंड से बचाव के लिए व्यवस्थाएं की गई है. बताया गया कि रात्रि में वातावरण का तापमान 9 डिग्री तक नीचे जा रहा है, जिसके लिए मांसाहारी वन्य प्राणियों रॉयल बंगाल टाइगर, व्हाइट टाइगर, लायन, पेन्थर, स्लाथ बियर एवं वाइल्ड डॉग के नाइट हाउस में फिन ऑयल लगाए गए हैं. शाकाहारी वन्यप्राणियों के लिये नाइट हाउस एवं क्रॉल में धान के भूसे को फैलाया गया तथा उनके बैठने, पेड़ों के नीचे धान का पुआल को बिछाया गया है तथा ओस से बचाव के लिये अस्थाई झोपड़ी का निर्माण किया गया है. ठंडी हवा से बचाव हेतु क्रॉल के चारों तरफ ग्रीन नेट से कवर किया गया है. मंसाहारी एवं शाकाहारी वन्यजीवों को ठंड हवाओ से बचने के लिए नाइट हाउस में रात्रि में वेंटिलेशन कुछ स्थानों में बंद किया गया है. ठंड के समय में एनिमल की उपापचय दर कम हो जाने से भूख नहीं लगती है. इसके लिए आने वाले महीने में मांसाहारी वन्यप्राणियों के खुराक की मात्रा में बदलाव पशु चिकित्सक के निर्देशानुसार किया जा रहा है. वॉक इन एवियरी में पक्षियों को ठंड से बचाव हेतु घास से झोपड़िया बनाकर उनमें यूवी लाइट की व्यवस्था की गई है ताकि रात्रि के समय उनकी ठंड से बचाव की जा सके. पक्षियों को खुराक में अंडे और ब्रेड का मिक्सचर सनफ्लावर के बीज दिए जा रहे है ताकि फैट की मात्रा पक्षियों में ज्यादा जमा हो और पक्षी ठंड से खुद बच सके.

# स्वच्छता अभियान उपरांत हुआ पारितोषिक वितरण समारोह

## स्वच्छता से सुरक्षा और समृद्धि की ओर थीम पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन



नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 29 दिसम्बर । एनसीएल के मुख्यालय में आज दिन सोमवार को कोल हैंडलिंग प्लांट्स के खरखाव एवं स्वच्छता अभियान के निरीक्षण उपरांत विजेताओं को सम्मानित करने के लिए एक समारोह का आयोजन किया गया, जिसकी थीम स्वच्छता से सुरक्षा और समृद्धि की ओर थीम पर आधारित थी ।**

22 से 25 दिसंबर तक चले निरीक्षण अभियान में एनसीएल की विभिन्न परियोजनाओं के सीएचपी को 4 भागों में बांटा गया था व कोल स्पीलेज, धूलशमन व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था पीपीई का उपयोग, उपयोग, विद्युत सुरक्षा, अर्थिंग एवं कंट्रोल रूम की स्वच्छता जैसे कई पैमानों पर अंक देकर पुरस्कृत किया गया। समारोह में कोल इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन और एनसीएल के सीएमडी बी साईराम वीडियो कॉन्फ्रें सिंग के माध्यम से मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

कार्यक्रम में एनसीएल के निदेशक मनीष कुमारए निदेशक रजनीश नारायण, निदेशक सुनील प्रसाद सिंह, निदेशक आशुतोष दिवेदी और मुख्य सतर्कता अधिकारी अजय कुमार जायसवाल, श्रमिक संघ प्रतिनिधियों में आरसीएसस से लाल पुष्पराज सिंह सहित अन्य मौजूद रहे। साथ ही सीएचपी की देखरेख करने वाली संविदा कंपनियों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

### एफएमसी दुद्धिचुआ को मिला प्रथम स्थान

पारितोषिक वितरण समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सीएचपी और कर्मियों को नई एफएमसी दुद्धिचुआ सीएचपी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जयंत सीएचपी द्वितीय और अमलोरी आरएलएस तृतीय स्थान पर रहे। आउटसोर्सिंग सीएचपी खड़िया फेज सीएचपी ने प्रथम पुरस्कार जीता। ब्लॉक-बी द्वितीय और कृष्णाशिला तृतीय स्थान पर रहे। सहित अन्य को भी सम्मानित किया गया।

# ई-रिक्शा पलटने से महिला चिकित्सक घायल

## शहर के जवाहर नगर क्षेत्र में हुआ हादसा



नवभारत न्यूज

**सतना 29 दिसंबर. शहर के जवाहर नगर क्षेत्र में सोमवार को हुए सड़क हादसे में एक प्रशिक्षु महिला चिकित्सक गंभीर तौर पर घायल हो गईं. दुर्घटना तेज रफ्तार बाइक द्वारा ठोकर मारे जाने से ई-रिक्शा पलटने के कारण होना बताया गया. महिला चिकित्सक का उपचार जिला चिकित्सालय में जारी है.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के पतेरी क्षेत्र में स्थित समरिटन अस्पताल में डॉ. डैनी प्रशिक्षु महिला चिकित्सक के तौर पर पदस्थ हैं. डॉ. डैनी हर रोज जिला चिकित्सालय में प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए पतेरी से आती हैं और फिर वापस लौट जाती हैं. इसी कड़ी में सोमवार को भी वे जिला चिकित्सालय में अपना प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद वापस पतेरी स्थित समरिटन की ओर ई-रिक्शा में सवार होकर लौट रही थीं. बताया गया कि जैसे ही ई-रिक्शा जवाहर नगर क्षेत्र में पहुंचा वैसे ही एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने जबरदस्त टक्कर मार दी. जिसके चलते ई-रिक्शा पलट गया. जबरदस्त ठोकर के चलते डॉ. डैनी गंभीर तौर पर घायल हो गईं. जिसे देखते आस पास मौजूद लोगों द्वारा आनन-फानन में उन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया. जहां पर उन्हें भर्ती कर उपचार किया जा रहा है. बताया गया कि महिला चिकित्सक को गंभीर चाटें आई हैं.

# पानी के टैंक में गिरी मासूम की मौत

नवभारत न्यूज

**रीवा, 29 दिसम्बर, शहर के बिछिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कन्नौजा में हुए एक दर्दनाक हादसे में 4 वर्षीय मासूम काल के गाल में समा गई. घटना की सूचना पर पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है.**

घटना के संबंध में मासूम के पिता राजबहोर साकेत ने बताया कि दोपहर करीब ढाई बजे वह काम पर चले गए थे और घर में उनकी मां और बेटी श्रेया थी. राज बहोर में बताया कि दोपहर तकरीबन 2:30 बजे मां ने टैंक से पानी निकालने के लिए उसके ढक्कन को खोल दिया और पानी निकाल कर दूसरी तरफ चली गई.

इसी दौरान पास ही खेल रही उनकी बेटी श्रेया पानी के टैंक में जा गिरी. कुछ देर बाद जब बेटी कहीं नजर नहीं आई तो उसकी तलाश शुरू की गई तो बच्ची टैंक के अंदर गिरी मिली.उसे तत्काल बाहर निकला गया और उपचार के लिए अस्पताल लाया गया जहां उपचार के दौरान बच्ची ने दम तोड़ दिया है.

# शौच के लिये गया युवक नहर में डूबा

## पुलिस ने मर्ग कायम कर शुरू की जांच

नवभारत न्यूज

**रीवा, 29 दिसम्बर, घर से शौच के लिए निकले एक युवक की नहर में डूब जाने से मौत हो गई. घटना के कुछ ही देर बाद युवक का शव नहर से बरामद कर लिया गया है. घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची है और निरीक्षण कर मर्ग कायम कर आगे की जांच कर रही है.**

घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक रीवा जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तिलखन निवासी धीरज कोल पिता लालू कोल उम्र 23 वर्ष सुबह घर से शौच के लिए निकला था. बताया गया है कि घर के पास ही वह नहर में शौच क्रिया के लिए गया था इसी दौरान अचानक नहर में गिर गया. मृतक की चप्पल और मोबाइल नहर के बाहर पड़े मिले इसके बाद लोगों को उसके नहर में गिरे होने की आशंका हुई. स्थानीय लोगों ने जब तलाश शुरू की तो कुछ ही घंटो बाद युवक का शव नहर के अंदर मिल गया जिसके बाद सूचना पुलिस को दी गई.

मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मर्ग कायम कर आगे की जांच शुरू कर दी है और शव को पीएम के लिए सिरमौर अस्पताल भेजा गया.

# फुटपाथ पर अतिक्रमण करने वाले कारोबारियों पर हुई कार्रवाई

## दुकानदारों के सामान जब्त कर वसूला गया 6 हजार रूपए का जुर्माना



नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 29 दिसम्बर । नगर पालिक निगम सिंगरौली की आयुक्त सविता प्रधान के निर्देशानुसार दिन सोमवार को नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते द्वारा स्वास्थ्य अधिकारी बीजी चतुर्वेदी एवं अतिक्रमण प्रभारी विपिन तिवारी के नेतृत्व में नगर निगम से लेकर कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने फुटपाथ पर अतिक्रमण कर दुकान लगाने वालो के विरूद्ध कार्यवाही करते हुयें फुटपाथ को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।**

इस दौरान दुकानदारो की सामग्री जप्त कर 6 हजार रूपये की चालानी कार्यवाही भी किया गया। अभियान के दौरान अतिक्रमण प्रभारी विपिन तिवारी के द्वारा फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले दुकानदारो को समझाईस भी दी गई है कि दोबारा फुटपाथ पर अतिक्रमण कर दुकान लगाने पर समान जप्त कर लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि दुकानदार नगर निगम द्वारा चिन्हित किए गए निर्धारित स्थलो पर ही दुकान लगाकर अपना व्यावसाय करें। फुटपाथ पर दुकान लगाने से आवागमन में समस्या उत्पन्न होती है।

# धान खरीदी केंद्र पर ताला देख भड़के किसान

## सुंदरा-सेमरिया राज्य मार्ग किया बाधित, 4 घंटे की लंबी समझाइश के बाद बनी बात



नवभारत न्यूज

**सतना 29 दिसंबर. स्लॉट बुक होने के बावजूद भी कार्य दिवस पर धानइ खरीदी केंद्र पर ताला लटका देख किसान आक्रोशित हो गए. देखते ही देखते किसानों ने सुंदरा-सेमरिया राज्य मार्ग को बाधित करते हुए विरोध प्रदर्शन शुरु कर दिया. चार घंटे लंबी चली समझाइस और ताला खुलने के बाद किसानों का आक्रोशित किसी तरह कम हो सका.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार रक्सेलवा के निकट मुख्य मार्ग पर अक्षत इंडस्ट्रीज नामक वेयरहाउस स्थित है. इसी प्रतिष्ठान में सेवा सहकारी समिति झाली का धान खरीदी केंद्र भी बनाया गया है. हर रोज की तरह सोमवार के लिए भी क्षेत्र के कई किसानों के स्लॉट पहले से बुक थे. जिसके अनुसार किसानों को खरीदी केंद्र में पहुंचकर अपनी-अपनी धान की तौल करानी थी. लेकिन अल सुबह से धान खरीदी केंद्र के सामने पहुंचकर इंतजार कर रहे किसान यह देखकर परेशान होने लगे की समय हो जाने के बावजूद भी ताला क्यों नहीं खुल रहा है. काफी देर तक इंतजार करने के बावजूद भी जब धान खरीदी केंद्र का ताला नहीं खुला तो किसानों का धैर्य जवाब देने लगा. लिहाजा कोई सुनवाई होती न देख किसान लामबंद होकर कोठी-सिंहपुर मुख्यमार्ग पर बैठ गए. दो दर्जन से अधिक ट्रैक्टर ट्राली लेकर मुख्य मार्ग पर जमा हुए किसानों ने मार्ग को पूरी तरह अवरुद्ध कर दिया और विरोध प्रदर्शन करने लगे. घटना की जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी कोठी व प्रशिक्षु डीएसपी आशुतोष त्यागी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए. इसी कड़ी में नागरिक आपूर्ति निगम और वेयरहाउस कारपोरेशन के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए और किसानों से चर्चा शुरु की. लगभग 4 घंटे तक चली लंबी समझाइस के बाद किसानों के गुस्से को किसी तरह शांत किया गया. जिसके बाद शाम के लगभग 4 बजे खरीदी केंद्र का ताला खुलवाया गया और खरीदी केंद्र का संचालन शुरु किया गया.

### संचालक को चेतावनी

पूछताछ किए जाने पर अधिकारियों के सामने यह जानकारी आई कि वेयर हाउस संचालक के घर में गमी हो गई है और सोमवार को उनके यहां तेरवहीं का अयोजन था. जिसके चलते वेयर हाउस को बंद रखा गया था. लिहाजा अधिकारियों द्वारा सहानुभूति दिखाते हुए पंचनामा तो नहीं बनाया गया. लेकिन वेयर हाउस संचालक को इस बात की स्पष्ट चेतावनी जरुर दे दी गई कि यदि भविष्य में इस तरह की लापरवाही दोहराई गई तो प्रकरण दर्ज कराते हुए आगे की कार्रवाई की जाएगी.

# प्रताड़ना से तंग आकर नवविवाहिता ने की खुदखुशी

## 8 माह पूर्व हुआ था विवाह, दहेज के लिए प्रताड़ना का आरोप

नवभारत न्यूज

**रीवा, 29 दिसम्बर, दहेज की खातिर पति से प्रताड़ित पत्नी ने दुनिया को ही अलविदा कह दिया है और पति की खुशियों के खातिर खुद की जान न्योछावर कर दी है.**

घटना सेमरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम देवगांव की है घटना स्थल पर मिले सुसाइड नोट के बाद पुलिस ने पति को पूछताछ के लिए थाने ले गई है. घटना के संबंध में मृतिका संध्या यादव निवासी महाजन टोला के चाचा शिव यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते आठ माह पूर्व उन्होंने अपनी भतीजी की शादी सेमरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत देवगांव में की थी. चाचा ने बताया की शादी के कुछ दिन बाद ही पति द्वारा लगातार संध्या को प्रताड़ित किया जाता रहा और साढ़े तीन लाख रुपए बतौर दहेज की मांग की जाती रही.उन्होने ने बताया कि बेटी की खुशियों की खातिर 2 लाख रुपए दिए भी गए थे इसके बावजूद भी पति द्वारा संध्या को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था. चार दिन से उसे खाना नहीं दिया गया था और उसके साथ मारपीट भी की गई थी. चाचा के मुताबिक घटनास्थल पर एक सुसाइड नोट मिला है जिसमें संध्या ने अपने साथ घटी पूरी घटना की कहानी बयां की है. पत्र में मारपीट और दहेज का भी उल्लेख किया गया है जिसे सेमरिया पुलिस ने जप्त कर लिया है. पुलिस मामले में मर्ग कायम कर आगे की जांच कर रही है और पति से भी पूछताछ थाने में की जा रही है.

# अवैध शराब के खिलाफ बड़ा अभियान

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 29 दिसम्बर । नववर्ष को सुरक्षित और शांतिपूर्ण बनाने के उद्देश्य से साल समाप्त होने से पूर्व माड़ा पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध सघन अभियान चलाया गया।**

एसपी मनीष खत्री के निर्देश पर जिले में शराब पीकर वाहन चलाने की घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं अवैध शराब की बिक्री रोकने के लिए सख्त कार्रवाई की गई। इस अभियान के तहत कुल 63 अवैध शराब विक्रेताओं के कब्जे से 284 लीटर अवैध शराब जप्त की गई। जप्त की गई शराब में 155 लीटर महुआ शराब तथा 129 लीटर देशी प्लेन एवं अंग्रेजी शराब शामिल है। सभी आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करते हुए प्रकरण दर्ज किए गए तथा उन्हें न्यायालय बैढ़न में प्रस्तुत किया गया है।

पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार यह कार्रवाई 20 से 28 दिसंबर के बीच विभिन्न तिथियों में अलग-अलग टीमों द्वारा लगातार की गई। थाना माड़ा क्षेत्र के ढाबों, गुमटियों एवं अवैध ठिकानों पर दबिश देकर शराब बेचने वालों को सख्त चेतावनी दी गई है कि भविष्य में दोबारा अवैध शराब की बिक्री करते पाए जाने पर और भी कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# सात नव प्रशिक्षु प्रशासनिक अधिकारी कलेक्टर से हुए रूबरू

## क्षेत्र भ्रमण के माध्यम से जाना कोल एवं उर्जा उत्पादन की बारीकियों को



नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 29 दिसम्बर । जिले के भ्रमण पर आये हुये भारतीय प्रशासनिक सेवा के 7 प्रशिक्षु अधिकारियों ने कलेक्टर गौरव बैनल से मुलाकात की।**

कलेक्टर ने प्रशिक्षु अधिकारियों को जिले में स्थित कोल परियोजनाओं एवं उनके उत्पादन कार्यो के साथ-साथ थर्मल पावर प्लांटो के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि माइनिंग सेक्टर सिंगरौली की आर्थिक व्यवस्था की रीढ़ है। माइनिंग के साथ-साथ उससे जुड़े परिवहन, लेबर उद्योग एवं पर्यवरण से संबंधित विषयों पर भी विस्तार पूर्वक अवगत कराया। वही आये हुये प्रशिक्षु अधिकारियों द्वारा कोल परियोजनाओं एवं एनटीपीसी सहित अन्य उर्जा उत्पादन कम्पनियों का भ्रमण कर बारीकियों को जाना। बैठक के दौरान संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय, एसडीएम सुरेश जाधव, डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की, खनिज अधिकारी आकांक्षा पटेल मौजूद रहे।

# पर्यटकों के भ्रमण के लिए 31 को खुला रहेगा मुकुंदपुर सफारी

**सतना 29 दिसंबर** 2025/संचालक महाराजा मार्तण्ड सिंह जूदेव व्हाइट टाइगर सफारी एंड जू मुकुंदपुर ने बताया कि महाराजा मार्तण्ड सिंह जूदेव व्हाइट टाइगर सफारी एण्ड जू मुकुन्दपुर में वर्ष के समापन 31 दिसम्बर को बुधवार जू का साप्ताहिक अवकाश रहता है। लेकिन वर्ष के समापन एवं नव वर्ष मे पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 31 दिसम्बर को जू भ्रमण के लिये खोला जायेगा।

# मान्यता नवीनीकरण के आवेदन कल तक

नवभारत न्यूज

**सतना 29 दिसम्बर.** जिला परियोजना समन्वयक ने बताया कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम अंतर्गत सत्र 2026-27 के लिए प्रायवेट स्कूलों की नवीन मान्यता, नवीनीकरण मान्यता आवेदन 4 दिसम्बर 2025 से प्रारंभ हो गई है। ऐसे समस्त प्राइवेट स्कूल जिनकी मान्यता अवधि 31 मार्च 2026 को समाप्त हो रही है।


एजेंसी देनी है

आपका सबसे पुराना,विश्वसनीय, निष्पक्ष समाचार पत्र
नवभारत सतना को बिरसिंहपुर, जैतवारा, उचेहरा, पोंड़ी, पिंडरा, सिंहपुर, रैगांव, ताला, बड़ा इटवा, पहाड़ी खेरा , सरलानगर (मैहर) आदि स्थानों पर एजेंसी देना है इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।

मो . नं .- 9098286391, 7828109523


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा मौजा कोलगवां, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99